एसआरएम में नेटवर्क मैनेजमेंट पर कार्यशाला

गाजियाबाद। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में नेटवर्क मैनेजमेंट एंड एथिकल हैकिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिथि वक्ता नेटकैंप सॉल्यूशन प्रा. लि. के निदेशक श्री शांतु ने संबंधित विषय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डीन एडमिशन डॉ. आरपी महापात्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. एस विश्वनाथन, डीन डॉ. डीके शर्मा, डीन कैंपस लाइफ डॉ. नवीन अहलावत, नितिन धामा, चंद्रशेखर त्यागी, नरेश शर्मा, डॉ. जितेंद्र आदि उपस्थित थे।